संख्या-29/2474/26-1-2014-2(32)/2007

प्रेषक,

राज कुमार त्रिवेदी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक: 08 अगस्त, 2014

विषय:- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का कार्यप्रभार नियमित रूप से नियुक्त प्रवक्ताओं/एल0टी0ग्रेड अध्यापकों को दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-329/सक/विकास/ए0टी0एस0-305/2014-2015, दिनांक 18-07-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र दिनांक 18-07-2014 पर सम्यक् विचारोपरान्त राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में रिक्त प्रधानाचार्य के पद का कार्यभार अग्रिम आदेशों तक नियमित रूप से नियुक्त वरिष्ठतम् प्रवक्ता/एल0टी0ग्रेड अध्यापकों से सम्पादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है। उक्त दायित्वों के निर्वहन करने वाले वरिष्ठ प्रवक्ता/एल0टी0ग्रेड अध्यापकों को कोई अतिरिक्त वित्तीय लाभ देय नहीं होंगे।

कृपया उपरोक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

पृ0सं0-29/2474(1)/26-1-2014-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
2- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
3- गार्ड फाइल/इण्टरनेट प्रति।

आज्ञा से,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in